an>

Title: Need to open AIIMS institute in Kishanganj Parliamentary Constituency, Bihar.

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): अध्यक्ष महोदय, मैं किशनगंज से चुनकर आता हूं जो बिहार के एक कोने में है । मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली और चेन्नई तक जाना पड़ता है । सरकार ने यह निर्णय लिया था कि एम्स की एक शाखा बिहार में खुलेगी । मैंने पिछले सत्र में भी माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन किया था और आज भी आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां के लिए बिहार सरकार ने दो सौ एकड़ जमीन को चिह्नित करके प्रपोजल भी भेजा है । मैं चाहता हूं कि आपके ज़रिए जोर लगे ताकि किशनगंज, जो बिहार के कोने में है, जो पश्चिम बंगाल को भी केटर करता है और असम के लोग भी इलाज करा सकते हैं, इसलिए एम्स की दूसरी शाखा किशनगंज जिले में खोलने की कृपा करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. मोहम्मद जावेद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।